# कलेक्टर ने देखीं गंजबासौदा अस्पताल की व्यवस्थायें

## दिये व्यवस्था में सुधार के निर्देश

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 जुलाई, कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा के राजीव गांधी जन चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने विभिन्न वार्डों में पहुंचकर संचालित गतिविधियों को देखा एवं मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं और उनकी होने वाली जांचों की जानकारी ली. उन्होंने ने एनआरसी वार्ड में भर्ती आठ बच्चों को जन सहयोग से प्राप्त पौष्टिक पोषण आहार युक्त सुपोषण किट प्रदान की गई. इन सुपोषण किट में तीन माह तक की पौष्टिक पोषण आहार युक्त खाद्य सामग्री है.**



कलेक्टर श्री गुप्ता ने भ्रमण के दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रमेंद्र तिवारी को निर्देशित किया कि अस्पताल में यदि जांच उपकरण एवं सामग्री की आवश्यकता हो तो मांग पत्र बनाकर प्रेषित करें.उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं को निर्देशित कर क्षेत्र की हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को प्रसव के सात दिवस पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराया जाए, ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु को रोका जा सके. इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री ओपी सनोडिया, बासौदा एसडीएम विजय राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती विनीता कांस्बा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे.

### स्कूल और सहकारिता विभाग के भी जाने हाल

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बासौदा प्रवास के दौरान स्कूल शिक्षा विभाग और सहकारिता विभाग के अधिकारियों के माध्यम से संपादित कार्यों की समीक्षा बासौदा के पटवारी सभागार में की. उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के अमले को निर्देशित किया है कि एक भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे ऐसे बच्चे जो गांव से अनियंत्रित चले गए हैं उनके अभिभावकों से संपर्क करें और किस स्कूल में दाखिला दिलाया गया है की जानकारी संग्रहित करें. उन्होंने कहा कि वर्षाकाल को ध्यानगत रखते हुए एक भी स्कूल जीर्णशीर्ण भवन में संचालित नहीं हो. शिक्षक समय पर स्कूलों में पहुंचे और अध्यापन कार्य कराए.उन्होंने बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के तहत सुविधाओं की पृथक पृथक समीक्षा की जिसमें पुस्तकों का वितरण ड्रेस साइकिल सहित अन्य बिंदुएं शामिल है. सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि सभी सहकारी समितियां को बहुउद्देशीय बनाया जाना है इसके लिए उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से प्रदाय दैनिक आवश्यक सामग्रियां जो प्रिंट रेट पर विक्रय की जाती हैं उन सामग्रियों को समितियां के माध्यम से बचने की व्यवस्था क्रियान्वित की जाए.

# बस और कार की टक्कर, 8 घायल, 6 की हालत गंभीर

नवभारत न्यूज

**विदिशा 4 जुलाई, शमशाबाद से सिरोंज जा रही एक बस की स्टेयरिंग फेल हो जाने के कारण सांगुल ग्राम के पास एक हादसा हो गया. बस की सामने से आ रही कार से टक्कर हो गई.**

इस हादसे में 8 लोग घायल हुए. जिनमें 6 लोगों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है. सभी घायलों को पहले शमशाबाद स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया.प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को विदिशा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया. वहीं दो घायलों का इलाज शमशाबाद में ही चल रहा है.



एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे ने इस घटना के बारे में बताया कि बस चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया है. उसकी तलाश की जा रही है.वहीं घटना की जांच शुरू कर दी गई है.

## एक नजर में

### रसूलपुर नट टपरा गांव की हालत खराब

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा 4 जुलाई,** विधानसभा क्षेत्र के गांव रसूलपुर नट टपरा में अधिकांश गरीब आदिवासी रावत अधिक संख्या में रहते हैं.इस गांव में न तो सड़क है और न बिजली रहती है.अंधेरे में गरीब लोग रहने मजबूर हैं.सड़क की हालत इतनी खराब है की गर्भवती महिलाओं को प्रसूति हो जाती है. क्योंकि गहरी गहरी खाइयों में वाहन पलट जाते हैं.कभी स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी इस गांव में नहीं पहुंचते.जबकि कागजों में खानापूर्ति कर ली जाती है.पुराने नाम रोगियों का उल्लेख कर दिया जाता है और दवाइयां भी ठिकाने लगा दी जाती हैं.ऐसा प्रतीत होता है की झोलाछाप डॉक्टरों से इनकी मिली भगत रहती है.अधिकारी कभी गांव नहीं पहुंचते और न जानकारी लेते तरह-तरह की मौसमी बीमारियां यहां फैल रही है कई लोग इलाज के अभाव में दम तोड़ चुके हैं शासन की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ भी इन गरीबों को नहीं मिल रहा है.दलाल सारी योजनाओं को खा जाते हैं और भी अनेक ऐसे गांव हैं.जहां गरीब ग्रामीण नरकीय जीवन जी रहे हैं न उन्हें स्वच्छ पानी पीने के लिए नहीं मिल रहा है.उनका शोषण हो रहा है.

### कृषि सखियों की उन्मुखीकरण कार्यशाला हुयी

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, कलेक्टर अंशुल गुप्ता एवं जिला पंचायत सीईओ के निर्देशन में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में कृषि सखियों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में कृषि सखियी को वृक्षारोपण हेतु हितग्रहियों के फलदार वृक्षों का चयन एवं नरवाई प्रबंधन पर स्व सहायता समूह द्वारा उपयोग किए जाने वाले कृषि अभियांत्रिकी से अनुदान पर मिलने वाले यंत्रों की जानकारी, ड्रोन दीदी प्रत्येक सीएलएफ में ड्रोन दीदी के चयन एवं पीएमएफएमई प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना अंतर्गत मसाला उद्योग अचार पापड़ बड़ी, पनीर, घी, दाल, पोहा मिल, आटा चक्की इत्यादि उद्यम स्थापित करने की जानकारी एवं इच्छुक हितगृहियों से आवेदन कराए जाने की जानकारी दी गई. जिला पंचायत के अतिरिक्त सीईओ पंकज जैन द्वारा अपने क्षेत्र के हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने हेतु प्रत्येक सीआरपी को लक्ष्य का आवंटन किया गया.

# निर्मला कॉन्वेंट स्कूल में छात्र संसद गठित

## छात्रसंघ पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, निर्मला कॉन्वेंट हायर सेकेण्ड्री स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु छात्र संघ के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ. इसके उपरांत नवीन निर्वाचन पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ विद्याथियों द्वारा प्रार्थना गीत के साथ किया गया.**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी पंकज गीते, विद्यालय प्रबंधक फादर एण्टोनी तथा प्राचार्य सिस्टर टेन्सी द्वारा विद्यार्थियों को पदक्रम अनुसार बैच प्रदान किये गये. इसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक फादर एण्टोनी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य पालन की शपथ दिलाई. कार्यक्रम में स्वागत भाषण छात्रा अंबिया ने प्रस्तुत किया. कार्यक्रम में थाना प्रभारी पंकज गीते ने विद्यार्थियों को विभिन्न जानकारियां दी. कार्यक्रम का संचालन छात्र अराध्य जैन, नैनी जैन, मोक्षिता जैन, राघव नेमा, अनुराधा यादव एवं नैतिक सेन ने किया तथा आभार छात्रा तेहजीब ने जताया. कार्यक्रम का संयोजन शिक्षक रफत उल्लाह एवं रामचन्द्र ने किया. कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया.



### छात्र संघ में यह बने पदाधिकारी

नवनिर्वाचित सदस्यों में देव करण रघुवंशी हेड बॉय, सिद्धी रघुवंशी हेड गर्ल, मरियम खान स्टूडेंट सेक्रेटरी, यशराज श्रीवास्तव स्टूडेंट ट्रेज़र, मोहम्मद खुबेब स्पोर्टस केप्टन, ऋ षिल रघुवंशी स्पोर्टस वाइस कैप्टन, तेहजीब कल्चरल हेड, शौर्य निहारिया कल्चरल वाइस हेड, वेदांत रघुवंशी सोशल वर्क हेड, अवनी दुबे सोशल वर्क वाइस हेड चुने गये. इसी प्रकार कसफ नाज ब्लू हाउस केप्टन, जरीन खान ब्लू हाउस वाइस केप्टन, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ग्रीन हाउस केप्टन, कुनाल मिश्रा ग्रीन हाउस वाइस केप्टन, उमरा फातिमा रेड हाउस केप्टन, नाव्या जैन रेड हाउस वाइस केप्टन, कल्पना शर्मा यलो हाउस केप्टन, राधिका रघुवंशी यलो हाउस वाइस केप्टन बने.

# प्रतिभावान छात्रों को मिली लैपटॉप की राशि

## प्रतिभाशाली छात्रों को प्रोत्साहित कर रही सरकार -विधायक

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के 219 विद्यार्थियों को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अंतर्गत मेधावी छात्र लैपटॉप के लिए राशि का उनके खातों में मध्यप्रदेश सरकार द्वारा अंतरण किया गया है. इस मौके पर सिरोंज के सांदीपनि स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विधायक उमाकांत शर्मा ने विद्यार्थियों के साथ राज्य स्तरीय मेधावी छात्र लैपटॉप वितरण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संबोधन के लाइव प्रसारण को देखा एवं सुना. इस मौके पर विधायक उमाकांत शर्मा ने विकासखंड के विभिन्न शासकीय विद्यालयों के इस योजना से लाभान्वित 219 प्रतिभावान छात्र छात्राओं को बधाई दी. साथ ही सांदीपनि विद्यालय में मौजूद विद्यार्थियों से संवाद किया. इस दौरान उन्होंने प्रतिभावान विद्यार्थियों का पटका पहनाकर स्वागत किया. तथा 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों से उनके शिक्षण आदि के संबंध में जानकारी ली. उन्होंने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा इस योजना की सराहना करते हुए विद्यार्थियों से तकनीकी दक्षता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार रु की राशि का उनके खातों में प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा अंतरण किया गया है. यह योजना मेधावी छात्रों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है. जिससे विद्यार्थी उच्च शिक्षा और तकनीकी दक्षता को बेहतर बना सकें. इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार, शिक्षक सत्यनारायण शर्मा, संजीव माथुर, शान मियां, पार्षद प्रतिनिधि तोषमणि पंथी, संजय सोनी सहित शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे.

### शाला के 304 विद्यार्थी योजना से लाभान्वित

सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य महेश ताम्रकार ने इस योजना अंतर्गत विकासखंड की जानकारी साझा करते हुए बताया कि अब तक इस शाला से 304 विद्यार्थी लैपटॉप योजना का लाभ ले चुके हैं. वर्ष 2025 में 54 विद्यार्थियों को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि उनके खातों में अंतरित की गई है.

### चूहों से होने वाले नुकसान से बचने बताये उपाय

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** लटेरी के ग्राम ओखलीखेडा, बंदीपुर, सिराजनगर, खेरखेडी आद क्षेत्रों में किसानों द्वारा लगाई गई मक्का में चूहों के द्वारा अत्यधिक नुकसान हो रहा है.कृषि विभाग ने इस संकट से निपटने के लिए कृषकों को खेतों का नियमित निरीक्षण कर चूहों के बिलों और नुकसान के संकेतों की जांच करनी चाहिए एवं नुकसान से बचने के लिये निम्न उपाय किसानों को बताये.

# प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**विदिशा, शहर की स्वर्णकार कॉलोनी में स्थित गायत्री प्रज्ञापीठ में गायत्री परिवार द्वारा प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ किया गया है. इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रज्ञा पुराण कथा युग ऋषि , वेदमूर्ति, तपोनिष्ठ परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी की प्राण चेतना का प्रवाह है उनकी लेखनी से प्रवाहित होने वाली वह ज्ञान की गंगा है जिसमें स्नान कर हम अपने मन को पवित्र कर सकते हैं.**



प्रज्ञा पीठ के ट्रस्टी एवं व्यवस्थापक प्रकाश सोनकर द्वारा बताया गया कि गायत्री प्रज्ञा पीठ में प्रज्ञा पुराण कथा का वाचन प्रत्येक गुरुवार शाम 7 से 8 के बीच नियमित रूप से किया जाएगा, गायत्री प्रज्ञापीठ के प्रमुख ट्रस्टी राजाराम पवार ने बताया कि आधुनिक युग की समस्याओं के समाधान हेतु गुरुदेव ने प्रज्ञा पुराण कथा की रचना की थी जिसमें अनेक रोचक कथाओं के माध्यम से मनुष्य को जीवन जीने की कला एवं सदाचार की शिक्षा दी गई है, गायत्री प्रज्ञापीठ की ट्रस्टी डॉक्टर श्लोकेश्वरी नेमा ने बताया कि यह कथा नियमित सत्संग का एक बहुत प्रभावशाली माध्यम है इसकी भाषा शैली इतनी सरल एवं सहज है कि अशिक्षित ,अल्प शिक्षित एवं बच्चे भी इसे आसानी से समझ सकते हैं. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जिले के प्रमुख शिक्षाविद एवं आचार्य स्थापत्य वेद शिवकुमार तिवारी, विहंगम योग के प्रभारी एवं योग प्रशिक्षक हीरालाल आचार्य, सेवा भारती के प्रभारी बालराम पंथी , गायत्री शक्ति पीठ के व्यवस्थापक रामचरण चौकसे उपस्थित थे.

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान 2.0 अंतर्गत वन मंडल अधिकारी विदिशा हेमंत यादव के मार्गदर्शन में खाताखेड़ी बीट जमुनियाई में शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश मीणा द्वारा पौधारोपण किया गया. पौधरोपण कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष शमशाबाद, नगर परिषद अध्यक्ष शमशाबाद, एसडीएम बासौदा, नायब तहसीलदार, उप वन मंडल अधिकारी हिमांशु त्यागी (प्रशिक्षु भा.व.से), टीआई एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी शमशाबाद पिंकी रघुवंशी उपस्थित रहे.पौधारोपण के दौरान 30000 पौधे रोपित किए गए.



# विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप की राशि

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बासौदा में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजनांतर्गत मा शि मंडल की कक्षा 12 में 75 प्रतिशत अंक लाने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप राशि के वितरण का मुख्य कार्यक्रम भोपाल में हुआ.इसी तारतम्य में विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हरिसिंह रघुवंशी विधायक , शशि यादव नगरपालिका अध्यक्ष की अध्यक्षता तथा नगर मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, एसडीएम , बीईओ, बीआरसी, प्राचार्य एमसी शर्मा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ.**

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन की गई.उपरांत प्राचार्य एमसी शर्मा ने सभी अतिथियों का पुष्प हार से स्वागत कर शाल और श्रीफल भेंट कर सम्मान किया. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा एक क्लिक द्वारा भोपाल से लैपटॉप की राशि विद्यार्थियों के खाते में भेजे जाने का प्रसारण भी दिखाया गया. विधायक द्वारा विद्यालय को प्रदान किया गया.वाटर कूलर का भी लोकार्पण किया गया. विधायक एवं नगर पालिका अध्यक्ष ने विद्यार्थियों को और अधिक मेहनत के साथ अध्ययन करने का संदेश दिया तथा सरकार की ओर से विद्यार्थियों के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी. कार्यक्रम में अशासकीय विद्यालयों के प्रतिभाशाली विद्यार्थी एवं उनके प्राचार्य भी सम्मिलित हुए.प्राचार्य एमसी शर्मा ने विद्यालय की प्रगति का विवरण प्रस्तुत किया.

कार्यक्रम का संचालन एनएसएस प्रभारी दिनेश ओझा ने तथा आभार प्रधानाध्यापक अनिल दुबे ने व्यक्त किया.


♦ शव वाहन / फ्रीज़र
♦ ब्लड ग्रुप लिस्ट
♦ मरीज इलाज उपकरण
♦ पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
♦ देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए
नि:शुल्क सेवा
शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के ठीक बाजू में बने सेवाघर आकर कृपया संपर्क करें

जल्द ही बजेगा
विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित
सुनो RADIO
www.vikaspachori.in

फ्लेट किराये पर देना है
1. इमली चौराहा के पास 1 हॉल, 2 बेडरूम, किचिन, डाईनिंग, बालकनी फ्लेट किराये पर देना है।
2. सुभद्रा शर्मा गर्ल्स कॉलेज के पास 1 हॉल, 2 बेडरूम किचिन पोर्च फ्लेट किराये पर देना है।
संपर्क:
मोबाइल न. 7000212341

Website : general.kbtgroup.in
E-PRAVESH CODE - P619
KBT Kusha Bhau Thakre COLLEGE
प्रवेश प्रारम्भ 2025-26
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्धता एवं उच्च शिक्षा से मान्यता प्राप्त
KUSHABHAU THAKRE COLLEGE
NH-146, Village Suakhedi Near Atarikhejda. Vidisha (M.P.)
BA (Com+Plain) | B.Com (Com+Plain) | B.Sc (Com+Plain) | B.Lib (1 Years) | PGDCA (1 Years) | MSW (2 Years) | PG DIPLOMA HOTEL MANAGEMENT (1 Years) | B.ED. (2 Years)
ADMISSION OPEN
CITY OFFICE : CIST College Near Water Tank, Arihant Vihar, Vidisha (M.P.)
07592 - 403481, 796042, 9893708149

मध्यभारत ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट
विदिशा जिले का एक मात्र संस्थान जिसमें है।
BA-LLB (Hons) 5 Years Integrated Course (After 12th)
LLB 3 Years Course (After Graduation)
D. Pharma 2 Years Course (After 12th Maths, Bio)
प्रवेश प्रारंभ
अधिवक्ता एवं जज बनने का सपना साकार करें।
संचालक मज़हर अली जाफरी
कॉर्पोरेट ऑफिस :- जवाहर लाल नेहरु कॉलेज, रामद्वारा, विदिशा (म.प्र.)
9827011587, 9827796812, 07592-470255, 471025

ADMISSION OPEN 2025-26
UGC Approved MP GOVT Universities Degree
CIIT COLLEGE College Code-3901
Be a FASHION DESIGNER with A Difference !!
June Offer अब करे फैशन डिज़ाइन 50% डिस्काउंट फीस पर
Limited Time Offer
B.Design in Fashion Designing 4 Year | After 12th (Any)
Certificate in Fashion Designing 1 Year | After 12th (Any)
BFA in Painting 4 Year | After 12th (Any)
Contact us 9667686200
Follow us on
Visit our website www.ciitcollege.in


## दुर्घटना | राष्ट्रीय राजमार्ग बना मौत की दौड़ का मार्ग, कब जागेगा प्रशासन?

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक हुआ घायल

नवभारत न्यूज

**सांची, जैसे ही सांची नगर में बारिश का दौर शुरू हुआ, राष्ट्रीय राजमार्ग पर हादसों की आशंका भी हकीकत बनने लगी. शुक्रवार को एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने भोपाल की ओर जा रहे एक बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया. यह हादसा विदिशा की ओर जाने वाली पुलिया के समीप हुआ.**



सूचना मिलते ही सांची पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को 100 डायल की मदद से अस्पताल पहुँचाया. प्राथमिक उपचार के बाद युवक की हालत गंभीर होने के कारण उसे विदिशा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया. घायल युवक की पहचान विभु तिवारी निवासी रीवा के रूप में हुई है. पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.यह कोई पहली घटना नहीं है. राष्ट्रीय राजमार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों पर लगाम न लगने से हादसे आम हो गए हैं.सड़क पार करते समय लोगों के चेहरों पर खौफ साफ झलकता है.भीड़भाड़ वाले चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस का अभाव और नियमों की अनदेखी, स्थिति को और भी गंभीर बना रहे हैं.हर दुर्घटना के बाद पुलिस केवल औपचारिकता निभाती नजर आती है, जबकि मूल समस्या तेज रफ्तार पर नियंत्रण और ट्रैफिक व्यवस्था जस की तस बनी हुई हैङ क्या प्रशासन किसी बड़ी जनहानि के बाद ही चेतेगा? समय की माँग है कि प्रशासन जागे और सांची जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थल पर सुरक्षित यातायात सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए.